## पाठ 13

# खेत से घर तक

मेरा नाम बसंती है। मैं सुहावनपुर में रहती हूँ। मेरे पिताजी किसान हैं। हमारे खेत में धान, गेहूँ, दलहन, तिलहन, सब्जियाँ आदि बोयी जाती हैं। जब फसल बोने का समय आता है तो मुझे बड़ा अच्छा लगता है। मुझे भी खेतों में काम करना अच्छा लगता है।



1. आपके गाँव में कौन–कौन सी सब्ज़ियाँ, दाल, फल तथा अनाज उगाए जाते हैं?

| क्र.सं. | अनाज | दाल | फल | सब्ज़ियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |

पिताजी बताते हैं की फसल अच्छी हो इसके लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। सबसे पहले फसल बोने के लिए खेत की जुताई करनी पड़ती है, फिर बुवाई, निराई–गुड़ाई और हाँ समय–समय पर पानी भी देना ज़रूरी है। कुछ अनाज जाड़े में बोते हैं और गर्मी में काटे जाते हैं और कुछ गर्मी में बोए जाते हैं और सर्दी में काटे जाते हैं।

2. तालिका को भरिए–

| क्र.सं. | गर्मी में बोया जानेवाला अनाज | जाड़े में बोया जानेवाला अनाज |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |

धान, प्याज, मिर्च आदि बोने के पहले उसका बिचड़ा तैयार किया जाता है। तैयार बिचड़े को उखाड़कर फिर खेत में बराबर–बराबर दूरी पर रोपते हैं। जबकि गेहूँ, मक्का, सरसों आदि के बीज सीधे खेतों में लगा दिये जाते हैं।

3. तालिका में भरिए–

| क्र.सं. | बिचड़ों से तैयार होने वाली फसल | बीज से तैयार होने वाली फसल |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |





4. धान की खेती कैसे होती है? क्रम में लिखिए।

कटनी, रोपनी, मैजनी, ओसौनी, निकाई, जुताई, पटवन, धान की बुनाई, बिचड़े तैयार करना।

(i) ————————— (ii) ————————— (iii) —————————

(iv) ————————— (v) ————————— (vi) —————————

(vii) ————————— (viii) ————————— (ix) —————————

रामाधीन एक मेहनती किसान हैं। वह अक्सर अपने खेत पर ही दिखाई देते हैं– चिलचिलाती धूप हो या बरसात की बारिश, जाड़े का दिन हो या गर्मी की उमस। उन्हें खेत की हरियाली से बहुत प्यार है। वह सुबह–सबेरे उठ जाते हैं। खेत से सब्जियों को तोड़ते हैं और टोकरियों में भरकर सड़क के किनारे रोजाना साढ़े पाँच बजे आ जाते हैं। टेम्पो पर लादकर सब्ज़ियों को बाज़ार पहुँचाते हैं।

5. रामाधीन सब्जियों को बाजार क्यों ले जाते हैं?

————————————————————————————————

————————————————————————————————

रामाधीन के गाँव ही में करीम चाचा हैं, जो रोज़ाना सुबह–सबेरे सब्ज़ी मंडी जाते हैं। टेम्पो और ठेले पर लादकर तरह–तरह की सब्ज़ियाँ तथा फल लाते हैं। सड़क किनारे एक दुकान में उसे शाम तक बेचते हैं।

6. रामाधीन का सब्जियों को बाज़ार ले जाना और करीम चाचा का बाज़ार से सब्ज़ियों का लाना दोनों में क्या अतंर है?

————————————————————————————————

7. आप अपने इलाके में सब्ज़ी बेचनेवाले/वाली से बात कीजिए और पता लगाइए–

(i) उनका नाम क्या है?

————————————————

(ii) उनको सब्ज़ी बेचने में कौन–कौन मदद करते हैं?

————————————————

(iii) वे सब्ज़ियाँ कहाँ से लाते हैं?

————————————————

————————————————



(iv) दिनभर में कितने घंटे सब्ज़ी बेचने का काम करते हैं?

————————————————————————————————

————————————————————————————————

8. उनसे किन्हीं तीन सब्ज़ियों के बारे में निम्नलिखित सवालों को कीजिए और लिखिए—

| **क्र. सं.** | **सब्जियों के नाम** | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सब्ज़ी के दाम (प्रति किलोग्राम) | | | |
| 2. | कहाँ से लाए गए | | | |
| 3. | मंडी से एक बार में कितनी मात्रा में सब्ज़ियाँ लाते हैं? | | | |
| 4. | किस माह में इस सब्ज़ी को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है? | | | |

9. आपके गाँव में कौन—कौन सी सब्ज़ियाँ उगाई जाती हैं? कौन—कौन सी सब्ज़ियाँ बाहर से लाई जाती हैं?

| **क्र.सं.** | **गाँव में उगाई जानेवाली सब्ज़ियाँ** | **बाहर से आनेवाली सब्ज़ियाँ** |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |

10. हम खाने के लिए जितनी भी चीज़ों का उपयोग करते हैं, उसे उपजाने और हम तक पहुँचाने में कौन — कौन लोग सहायता करते है।

(i) अनाज के बोने में ————————————————————

(ii) बोने से तैयार होने तक ————————————————————

(iii) तैयार होने से बाज़ार पहुँचने तक ————————————————

(iii) बाज़ार से आपके घर आने तक ————————————————

11. भोजन बनाने में विभिन्न तरह के मसालों का उपयोग होता है। आपके घर के रसोई घर में कौन–कौन से मसाले हैं? उसकी एक सूची बनाइए।

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

12. इन मसालों में से कुछ आपके आस–पास उपजते होंगे और कुछ बाहर से लाए जाते होंगे। इनके नाम सारणी में भरिए।

| क्र.सं. | आस–पास उपजनेवाले मसाले | बाहर से आनेवाले मसाले |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |

13. शिक्षक की मदद से पता लगाइए कि बाहर से आनेवाले उन मसालों का उत्पादन किन राज्यों में होता है।

| क्र.सं. | मसाले का नाम | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |

### *परियोजना कार्य*

आपके घर में उपलब्ध मसालों, दलहन, तिलहन एवं अन्य अनाजों के थोड़े–थोड़े दाने लेकर गोंद की सहायता से चार्ट–पेपर पर अलग–अलग चिपकाइए। इनके नाम व